# Patliputra University, Patna

**Estd. : March 2018**

## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना



श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर
महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति
बिहार



प्रो. आर. के. सिंह
माननीय कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/




### MESSAGE

"The end product of education should be a free creative man who can battle against historical circumstances and adversities of nature"-Radha Krishnan

### VISION

To create human resource with high calibre by inculcating human values, self esteem and true nationalist pride to serve the society by setting-up high benchmarks befitting with the global needs to elevate overall moral and social standard for the service of mankind.

### MISSION

To develop an ingenious system including modern teaching-learning applications, furtherance of high-end research in all engineering, sciences, social sciences, humanities and health sciences with commitment to the social and environmental sustainability, using effective network of various stakeholders and develop brotherhood, patriotism truthfulness, meritocracy and public awareness.


### EDITORIAL BOARD

**PATRON**

**Prof. R. K. Singh**
**Vice Chancellor**

**EDITORS**

**Prof. Manoj Kumar**
**(Co-ordinator)**
**Prof. A. K. Nag (Member)**
**Prof. Shalini (Member)**
**Dr. Shiv Kr. Yadav (Member)**
**Anita Sagar (Member)**
**Technical Assistant :**
**Paramjeet Kumar**


## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

- 27 जून, 2023 को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलाधिपति सह राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को राज्य स्तर पर ही नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव बनाने का बीड़ा उठाएं। नियमित सत्र के कारण बिहार में अव्वल जरूर बनें है, लेकिन यदि कोई केरल का विद्यार्थी सोंचे कि बिहार में किस विश्वविद्यालय से पढ़ाई करें तो उनके दिमाग में यह बात जरूर आए कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ही सबसे बेहतर विश्वविद्यालय है। इसको लेकर आगे कार्य करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री ले रहे हैं। सही व गलत को पहचान सकते हैं। वर्तमान में युवा नौकरी का मतलब केवल सरकारी पेमेंट और सैलरी को ही समझते हैं। आपको रोजगार प्रदाता बनना चाहिए। नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में बताते हुए महामहिम ने कहा कि वर्तमान में हमारे छात्रों को विदेशों में पढ़ाई के लिए एक वर्ष का अतिरिक्त कोर्स करना पड़ता है। नई शिक्षा नीति के तहत होने वाले सेमेस्टर सिस्टम को लागू होने से यह बैरियर खत्म हो गया है। छात्र अपनी इच्छा के अनुसार पूर्व की तरह ही तीन वर्ष में स्नातक की डिग्री प्राप्त करेंगे। आगे की शिक्षा के लिए चार वर्ष की स्नातक कोर्स करने पर एक वर्ष में ही स्नातकोत्तर तथा एक और कोर्स करने पर पीएचडी की डिग्री मिलेगी। इसमें हर छह माह पर मूल्यांकन होने से छात्र व शिक्षकों को नियमित रूप से कक्षा में रहने की बाध्यता होती है। ऐसे में सभी को इसके साथ खड़ा होना चाहिए।
- **विश्वविद्यालय में हो नृत्य व संगीत की शिक्षा**
  कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कुलाधिपति से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नृत्य व संगीत में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स के संचालन की मांग रखी। उन्होंने ने कहा कि द्वितीय दीक्षांत समारोह में स्नातक सत्र 2020–23 के 73,938 एवं पीजी सत्र 2020–22 के 5,133 विद्यार्थियों को इस दीक्षांत समारोह में डिग्री मिलेगी। विश्वविद्यालय के सत्र नियमित होने से दूर के जिलों से भी विद्यार्थी यहाँ शिक्षा ग्रहण के लिए नामांकन ले रहे हैं। इस दीक्षांत समारोह में टॉपर 27 में 17 बेटियों का शामिल होना महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है।
- **दुनिया में बढ़ी है उद्यमिता की मांग**
  दीक्षांत व्याख्यान देते हुए लखनऊ के डॉ. शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि हमारे स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ–साथ व्यावसयिक पाठ्यक्रम की मांग दुनिया में बढ़ी है। शिक्षकों को वैश्विक स्तर पर कार्य करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मांग को देखते हुए हमें उद्यमियों को पैदा करने की जरूरत है। ऐसें में हमे जरूर देखना चाहिए कि हम जो कार्य कर रहे है, उसका लाभ समाज के नीचले तबके तक जरूर पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव प्रो. शालिनी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रति–कुलपति प्रो. गणेश महतो ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, एन.ओ.यू. कुलपति प्रो. के.सी. सिन्हा, वि.वि. के सिंडिकेट सदस्य सह एम.एल.सी. प्रो. राजेंद्र गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार, डी.एस. डब्ल्यू. प्रो. ए. के नाग, सी.सी.डी.सी. प्रो. मणिबाला, आदि भी मौजूद थे।


















पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय
PATLIPUTRA UNIVERSITY

**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/




**ABOUT US**

Patliputra University, Patna was established on 18th March, 2018, by the order of the Government of Bihar, vide Letter/memo no. 15/M1-71/2016-700, dated 09.04.2018. All the colleges of Patna and Nalanda districts, Bihar (India), fall under the jurisdiction of the Patliputra University except those attached to the Patna University. The University has control over 26 constituent colleges, two government girls colleges, three minority colleges and a number of affiliated colleges. Many of these colleges are running university-approved post-graduate centres in various subjects besides skill-oriented courses in vocational and technical/professional areas. These affiliated units are governed by their governing local bodies and duly constituted management board approved by the university.

**HIGHLIGHTS**

Academic Calendar

Results Schedule

VC Lecture Series

## कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना


- 05 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस पर कॉलेज में संगोष्ठी का अयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध पर्यावरणविद् वशिष्ठ राय वशिष्ठ ने प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्लास्टिक के कारण जमीन की उर्वरक क्षमता कम होती जा रही है। साथ ही इसके कारण जल का प्रदूषण भी लगातार बढ़ता जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डी. एन. मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयास में वृक्षारोपण को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. इन्द्रजीत प्रसाद राय ने की।
- 21 जून, 2023 को कॉलेज परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम का आयोजन एन.सी.सी. और एन. एस.एस. ने संयुक्त रूप से किया। योग दिवस पर योग गुरु धमेन्द्र सिंह ने प्राणायाम समेत विभिन्न योग आसानों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि योग पूर्ण रूप से भारतीय चिकित्सा पद्धति है लेकिन अब विदेशों में भी योग को निरोग रहने और स्वस्थ्य जीवन शैली के रूप में अपनाया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।
- 28 जून, 2023 को कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के द्वारा प्रकाशित रिसर्च जर्नल 'द इन्वार्ड आई : पाटलिपुत्र जर्नल ऑफ इंग्लिश स्टडीज' का बुधवार को लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. रवीन्द्र राजहंस और प्रो. शम्पा घोष मेमोरियल लेक्चर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन कॉलेज के प्रधानाचार्य ने किया। पद्मश्री डॉ रवीन्द्र राजहंस मेमोरियल लेक्चर के तहत रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राम भगवान सिंह ने ''सार्क लिटरेचर इन इंग्लिश'' विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। जबकि प्रो. शम्पा घोष मेमोरियल लेक्चर के तहत स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अर्जुन कुमार ने लिटरेचर इन कांटेम्पोररी थ्योरी विषय पर अपना तथ्यपूर्ण व्याख्यान दिया।






## टी. पी. एस. कॉलेज, पटना

- 03 जून को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के IQAC & NSS Unit-II के तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।
- 19 जून को World Ethnic Day 2023 के अवसर पर NSS Unit-II द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं में ऑनलाइन मोड में हिस्सा लिया।
- 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर IQAC, NSS & NCC के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं के साथ–साथ शिक्षकों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया।
- 27 जून को महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की छात्रा शिवानी कुमारी ने सत्र 2020–2022 में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन्हें विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।
- 16 जून को आई. आई. टी. पटना में आयोजित 15 दिवसीय आवासीय आई. एस. एम. एस. कार्यशाला में महाविद्यालय के शिक्षकों ने सहभागिता दी।






## जगत नारायणलाल कॉलेज, खगौल, पटना

- 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में क्रीड़ा समिति एवं एन. सी. सी. के संयुक्त तत्त्वावधान में योग शिविर आयोजित किया गया। योग शिविर का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. मधु प्रभा सिंह ने कहा कि योग विद्या हमारी विरासत है। योग और उसके उपांगों के अभ्यास से न केवल शारीरिक अपितु मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति भी संभव है। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. शशिकांत प्रसाद ने किया। योग प्रशिक्षक जयप्रकाश सिन्हा के निर्देशन मे महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण शिक्षकेतर कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं ने योगाभ्यास के साथ–साथ प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया।



## रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, बख्तियारपुर ( पटना )

- 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर NSS द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही।
- 7 जून को राष्ट्रीय सेवा योजना व नैक समन्वय समिति के संयुक्त तत्वाधान में नई शिक्षा नीति पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार यादव ने की। डॉ. मोहम्मद अली NSS Coordinator ने New Education Policy पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को व्यवहारिक चुनौतियों के आलोक में कैसे चार वर्षीय U.G. पाठ्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन करना है इसके लिए छोटी–छोटी गतिविधियों कि जानकारी दी।
- 21 जून को महाविद्यालय परिसर में सुबह 10:00 बजे खेल समिति व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य, मुख्य अतिथि व योगाचार्य श्री राजेन्द्र प्रसाद ने किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि योग अपनाने से ही स्वस्थ जीवन शैली सम्भव है।






पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय
PATLIPUTRA UNIVERSITY

**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/




**HIGHLIGHTS**

- Streamlined Session
- Transparency in Admission
- Ph. D. Progress Report
- Monthly News Letter, PPU
- Excellence in Sports
- Excellence in Cultural Performance
- Examination Guideline
- Research and Innovation
- Ph. D. Course Work
- Foundation Day Celebration
- Bihar Divas Celebration

## श्री गुरु गोबिंद सिंह महाविद्यालय, पटना सिटी

- 01 जून, 2023 को महाविद्यालय के एन.सी.सी. प्रकोष्ठ के तरफ से तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में तबाकू निषेध को लेकर एक परिचर्चा महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। इस दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा महाविद्यालय परिसर से लेकर गुरुद्वारा, पटना साहेब तक पदयात्रा रखी गई। तंबाकू निषेध पर रखी गई परिचर्चा को संबोधत करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) कनक भूषण मिश्र ने तंबाकू सेवन करने से होने वाली समस्याओं को पूरे देश और समाज के सामने एक बहुत बड़े खतरे के रूप में होने की बात कही, इससे हमें बचना होगा। साथ ही लोगों को बचाना भी होगा। इस परिचर्चा और पदयात्रा का संयोजक एवं नेतृत्व एन.सी.सी. पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने किया।
- 05 जून, 2023 को महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में दर्जनों फलदार एवं छायादार वृक्ष के पौधे लगाए गए। अपने संबोधन में एन.एस.एस. प्रमुख डॉ. नंद कुमार यादव ने कहा क पर्यावरण संरक्षण जीवन का मूल आधार है। जसमें हम सभी की भागीदारी होनी चाहिए, वृक्षारोपण से सांस लेने तक के लिए हवा, समय पर वर्षा, खाने के लिए फसल एवं साथ–ही–साथ बीमारियों से मुक्ति मिलती है। वहीं दूसरी तरफ प्रोफेसर अरूण कुमार ने आज के पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए नो यूज ऑफ प्लास्टिक का समर्थन किया। महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी एवं आई क्यू एस सी के समन्वयक डॉ. विकास कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 1972 ई. से संयुक्त राष्ट्र द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है।
- 21 जून, 2023 को महाविद्यालय प्रांगण में योग दिवस काफी धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रातः 7:00 बजे महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी, एन.सी.सी. के छात्र–छात्राएं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र–छात्राओं ने काफी उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित योग शिक्षक ने अपने संबोधन में कहा सर्वे संतु निरामया का पाठ पढ़ाने वाला देश योग साधना से आपलंबित हुआ है, भारत देश योग कर्मसु कौशलम् का देश है।

## राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग, पटना

- 5 जून, 2023 को महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एच.सी.सी.बी., पटना तथा गौतम बुद्ध ग्रामीण विकास फाउण्डेशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गए।
- 21 जून, 2023 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. तथा एन.एस.एस. ने संयुक्त रूप से योग शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में योग शिक्षिका श्रीमती बिन्नी कुमारी बाला ने ऑनलाइन माध्यम से छात्राओं, शिक्षिकाओं तथा महाविद्यालय के अन्य कर्मचारियों को योग का महत्व बताया और योगासन का अभ्यास कराया।

## जे.डी. वीमेन्स कॉलेज, पटना

- 21 जून, 2023 को कॉलेज परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिविर में कॉलेज के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राओं ने योग का अभ्यास किया।

## GANGA DEVI MAHILA MAHAVIDYALAYA, PATNA

- On 2nd June, 2023 Amisha Raj, Student of Ganga Devi Mahila Mahavidyalaya won Bronze medal in 28th Patna District level Taekwondo Championship, Patna.
- On 14th June, 2023 Sehat Kendra of GDMM celebrated the World Blood Donor Day on Google Meet Platform. An Oath was undertaken by the participants of the meet to donate blood regularly following the prescribed norms. Poster display was also done along with speeches/inputs from participants.
- On 21st June, 2023 Yoga Day was celebrated. Students as well as Teachers participated enthusiastically.

## NALANDA COLLEGE BIHAR SHARIF, NALANDA

- On 5th June, 2023 Environment Day observed in the college by NSS, Environmental Awareness Campaign and Plantation drive was organized.
- On 21st June, 2023, International Yoga Day was celebrated by NSS. Importance of yoga in daily life was discussed. Yoga poses like Tadasan, Surya namaskar, Bhujangasan etc. were demonstrated.

## MAHILA COLLEGE, KHAGAUL

- On 05th June 2023 College celebrated World environment day incollaboration with Human Rights Union.
















# KISAN COLLEGE

SOHSARAI (NALANDA), BIHAR, PIN–803118

A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Phone/Fax :06112–235221 (O) Email-ID : kisancollege1957@gmail.com Website : www.kisancollege.com

**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/

आत्मनिर्भर भारत



**HIGHLIGHTS**

Student Grievance Redressal Cell

Academic Activities

E-library / Inflibnet

Principals Meeting with VC for Development of College Infrastructure

Webinar, Conference (National / International)

AISHE DCF-I Uploaded

Interdisciplinary Research

Sports Board




बुद्ध, महावीर के इस पवित्र पावन धरती पर, प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय के खण्डहरों की समीपता में सोहसराय से गुजरती पंचानन नदी के तट पर अवस्थित किसान कॉलेज अपनी गरिमामयी इतिहास के साथ उच्च शिक्षा का एक प्रतिष्ठान, किसानों, मजदूरों और व्यावसायियों की महान त्याग एवं स्मृतियाँ संजोए हुए हैं। महाविद्यालय की एक-एक ईंट में किसानों का श्रम दिखता है और दिखती है उनकी पवित्र आत्मा। स्थानीय लोगों की कॉलेज खोलने की परिकल्पना, आर्थिक सहयोग की वचनबद्धता, सहयोग इस कॉलेज की स्थापना को मूर्त्त रूप दिया। कॉलेज के प्रथम प्राचार्य स्व. रामबरन सिन्हा के सफल नेतृत्व में कॉलेज सतत् विकास के मार्ग पर अग्रसर होते हुए पुष्पित एवं पल्लिवित हुआ। उनकी कार्यकुशलता दक्षता, प्रशासकीय क्षमता और कर्मठता उनके कार्यकाल की विशेषताएँ रही। कला तथा विज्ञान की स्नातक-स्तरीय पढ़ाई-लिखाई वर्ष 1963 में शुरू हुई और इस जिले में सर्वप्रथम B.Com, BCA (Bechalaor in Computer Application) की पढ़ाई शुरू की गयी। उत्तरोत्तर 2011-2012 सत्र से BBM, BSC (IT), BLIS (Bachelor in Library Science, BCA in Multi media, Bachelor in Banking & Insurance के अध्यापन का केन्द्र बना। किसान कॉलेज में सांस्कृतिक चेतना, खूलकूद, छात्रों में अनुशासन और अपने-अपने विषय के विद्वान शिक्षकों का कर्त्तव्य-बोध, शांत शैक्षणिक माहौल, ये सब महाविद्यालय की विशेषताएँ, कॉलेज को गौरवशाली बनाता है। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण, शिक्षकों का आपसी संबंध इसके आभूषण हैं।








- 05 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस पर अवसर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महाविद्यालय प्रांगन में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सिर्फ हमारी जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा है। पर्यावरण को सनातन संस्कृति में भगवान का दर्जा प्राप्त है। महाविद्यालय के बर्सर डॉ. आनंद समदर्शी ने कहा विश्व स्तर पर पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। विकास के साथ ही हमें पर्यावरण संरक्षण का संबर्धन की दिशा में भी कार्य करना चाहिए तथा महाविद्यालय के NSS नोडल पदाधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण से ही हम हैं, हमारा आज और कल है। स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है आइए, आज विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा तथा संरक्षण का संकल्प लें। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।
- NCC/38 बटालियन का महाविद्यालय में आगामी 10 जून से 19 जून तक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जायेगी। वार्षिक प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर मंगलवार को कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य ने की। बैठक में कॉलेज के वर्सर डॉ. आनंद शंकर समदर्शी, NCC के सूबेदार मेजर सिकुर, सूबेदार भरत गुरुम, सूबेदार महेंद कुमार, वुद्ध तथा एएनओ डॉ. संजय कुमार कैडेट गोपाल कुमार मनीष कुमार शामिल होकर कैम्प के सफल आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि युवाओं को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य तथा प्रेम के प्रति जागृत करने को लेकर 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।
- 21 जून, 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें एक दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राकेश योगी जी जो पतंजलि के जिला प्रचारक हैं। प्रशिक्षण के साथ योग करने के लाभप्रद प्रभाव एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी एवं योग को नियमित अभ्यास के रूप में प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ के लिए हर उम्र के लोगों को करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि योग पढ़ाई के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए अतिआवश्यक है। योग को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर एक प्रशिक्षण के रूप में सिखाया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित NSS पदाधिकारी, राजनीतिक विज्ञान अध्यक्ष सहित एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।



डॉ. अशोक कुमार
प्राचार्य









*"News Letter" for this Month in coordination with Kisan College, Sohsarai, Nalanda, PPU*

*Anita Sagar (Editorial Member & Technical Support) with Dr. Neeraj Prakash (Satyam Publication)*

*Printed by : Satyam Publication, Patna & Delhi, Mob. : 7004979511, 9386365631*